नैक **(NAAC)** द्वारा **'A'** ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

## समाज कार्य अध्ययन केंद्र के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर चित्रकूट रवाना

वर्धा,11 दिसंबर 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र के एम.एस. डब्ल्यू तृतीय छमाही के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर उत्तर प्रदेश के चित्रकूट रवाना हुए हैं । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने सोमवार

को हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। इस अवसर पर केंद्र के निदेशक व अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार, कुलसचिव कादर नवाज खान, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे, भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल, साहित्य विद्यापीठ के प्रो. कृष्ण कुमार, केंद्र के सहायक प्रो. डॉ. मिथलेश कुमार, डॉ. शिव सिंह बघेल, डॉ सुशील कुमार पांडे, डॉ पल्लवी शुक्ला उपस्थित रहे। केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल और डॉ. पल्लवी शुक्ला के मार्गदर्शन में विद्यार्थी चित्रकूट में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रकल्पों का अध्ययन करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण में विश्वविद्यालय के इलाहाबाद(प्रयागराज) केंद्र के एम.एस. डब्ल्यू तृतीय छमाही के विद्यार्थी भी शामिल होकर अध्ययन करेंगे।